As Per NEP

SPARK SCHOLARS SERIES

भव्या बालगीत

C

OUR ADDRESSES IN INDIA

Jalandhar City : Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, **Jalandhar**–144008
Ph.: (O) 0181– 4606107, 08, 09, 7710711711
website : svineshonline.in
e-mail : sdineshandco@gmail.com

New Delhi : 4265, Gali No. 3, Mohalla Panjabian, Ansari Road, Darya Ganj, **Delhi**
Ph.: 011–23250628, 23250058
e-mail : sdineshdelhi@gmail.com

Bengaluru : No. 60, 2nd Main, 11th Cross, Vittal Nagar, **Bengaluru**
Ph.: 080–26755085
e-mail : sdineshbengaluru@rediffmail.com

Ranchi : South Samaj Street, Beside Srilok Complex, H.B. Road, Tharpakhana, **Ranchi–1**
Ph.: 0651-2211334
e-mail : sdineshandcoranchi@gmail.com

Cochin : 41/161, Ammankovil Road, Near KSRTC, **Ernakulam**–682035
Ph.: 0484-4851453
e-mail : sdineshcochin@gmail.com

DISCLAIMER

The contents in this book have been obtained from sources believed to be authentic. However, neither the Publishers nor its authors guarantee the accuracy or completeness of any information published herein. It is notified that the publishers and its authors shall not be responsible for any errors, omissions or damage arising out of the use of the information contained in the book. This book has been published with the understanding that the publisher and its authors are just supplying information and not rendering professional services. For binding mistakes, misprints or missing pages in the book, the publishers responsibility is limited to replace the book by similar edition within one month of its purchase.

Published by : Vinesh Jain, Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, Jalandhar-144008

Printed at : Maanglik Printers, Unit-S. Dinesh & Co., Ram Bagh, Transport Nagar, Jalandhar

अनुक्रमणिका

क्रम. सं.	कविता / कहानी	पृष्ठ संख्या
1.	अच्छा लगता है	3
2.	बब्बू-डब्बू	4
3.	बन्दर लड़े	5
4.	चंदा मामा	6
5.	गाओ गीत	7
6.	घर	8
7.	गिनती	9
8.	गुब्बारे	10
9.	जाड़े की धूप	11
10.	कछुआ जीत गया	12
11.	लालू-कालू	13
12.	नए साल में	14
13.	परियों की शहज़ादी	15
14.	बूँद और हवा	16
15.	खरगोश	18
16.	रंग-बिरंगी पुस्तक	19
17.	स्कूल बस	20
18.	टमाटर	21
19.	तितली	22
20.	चह-चह चहके	23
21.	छोटी चिड़िया	24
22.	डाकिया आया	25
23.	गोल मटोल	26
24.	जन्मदिन	27
25.	लकड़ी की काठी	28
26.	म्याऊँ-म्याऊँ	29
27.	पेड़ बड़े	30
28.	राखी का त्योहार	31
29.	जैसे को तैसा	32

अच्छा लगता है

रोज सवेरे पाठशाला जाना,
शिक्षा पाना, अच्छा लगता है।
जी भर गाना, नाच दिखाना,
फिर इठलाना, अच्छा लगता है।
फूलों-सा मन में मुसकाना,
गंध लुटाना, अच्छा लगता है।
पढ़ना-लिखना, आगे बढ़ना,
सच दुहराना, अच्छा लगता है।
रोज सवेरे पाठशाला जाना,
शिक्षा पाना, अच्छा लगता है।

Let Me Answer

- क्या आपको भी शिक्षा पाना अच्छा लगता है ?
- आप शिक्षा कहाँ पाते हैं ?

बब्बू-डब्बू

चढ़े पेड़ पर बब्बू-डब्बू,
लगे तोड़ने आम।
माली को जब आते देखा,
फिसलकर नीचे गिरे धड़ाम।
आम छीनकर माली ने,
की उनकी खूब पिटाई।
बुरे काम का बुरा नतीजा,
बात समझ में उनको आई।

Let Me Answer

- बब्बू-डब्बू ने पेड़ पर चढ़कर क्या तोड़ने की कोशिश की?
- माली की पिटाई से बच्चों को क्या समझ आया?

बन्दर लड़े

आलू की पकौड़ी, दही के बड़े,
बच्चू की छत पर दो बन्दर लड़े।
कैसे लड़े जी, कैसे लड़े ?
खों-खों लड़े जी, खों-खों लड़े।
गप्पू ने देखा तो औंधे गिरे,
पप्पू ने देखा तो वे हँस पड़े।
बन्दर लड़े भाई, बन्दर लड़े।



Let Me Answer

- दो बन्दर किस जगह पर लड़ रहे थे ?
- बच्चों ने बन्दरों की लड़ाई को देखकर क्या किया ?

चंदा मामा

चंदा मामा गोल मटोल,
कुछ तो बोल, कुछ तो बोल।
कल थे आधे, आज हो गोल,
खोल भी दो अब अपनी पोल।
रात होते ही तुम आ जाते,
संग साथ सितारे लाते।
लेकिन दिन में कहाँ छिप जाते,
कुछ तो बोल, कुछ तो बोल।

Let Me Answer

- चंदा मामा का गोल मटोल रूप किसे अच्छा लगता है?
- चंदा मामा रात को अपने संग किसको ले कर आते हैं?

गाओ गीत

आओ बच्चो! गाओ गीत।
मिलने जुलने में है प्रीत।।
होगा जग में ऊँचा नाम।
करें हमेशा अच्छे काम।।
सत्य, प्रेम को हम अपनाएँ।
सबके ही प्यारे बन जाएँ।।
आसमान धरती का मीत।
आओ बच्चो! गाओ गीत।।



Let Me Answer

- बच्चों को क्या गाने के लिए आमंत्रित किया गया है?
- अच्छे काम करने से क्या मिलेगा?

घर

चूहा रहता बिल के अंदर,
मछली का घर बड़ा समंदर,
मकड़ी बुनती अपना जाल,
छत्ता मधुमक्खी का विशाल,
घर देता सबको आराम,
चाहे सुबह हो, चाहे शाम।



Let Me Answer

- चूहे का घर कहाँ है ?
- मधुमक्खी का छत्ता किसे आराम देता है ?

गिनती

बात पते की कहता एक,
सच के आगे माथा टेक।
एक और एक बने हैं दो,
बोलो प्यार के दो बोल।
तीन अंक की अपनी शान,
इसको भी मिलता सम्मान।
चार तो है बस चारो धाम,
जिसमें रहते राम और श्याम।
पाँच अंगुलियाँ एक है हाथ,
सदा रहें ये साथ-साथ।

Let Me Answer

- हमें किसके आगे माथा टेकना चाहिए?
- पाँच अंगुलियाँ किसके साथ रहती हैं?

गुब्बारे

रंग-बिरंगे गुब्बारे,
लगते प्यारे-प्यारे।
कोई लम्बा, कोई गोल,
कोई मोटा जैसे ढ़ोल।
गैस भरी उड़ जाता वो,
वापस कभी न आता वो।
मम्मी! मेरा दिल बहला दो,
सब गुब्बारे मुझे दिला दो।



Let Me Answer

- बच्चे किससे गुब्बारे दिलाने की मांग कर रहे हैं ?
- गुब्बारे उड़कर कहाँ जाते हैं ?

जाड़े की धूप

सुबह हुई पर धूप न जागी,
चिड़ियों की टोली भी भागी।
बच्चे जाग गए हैं लेकिन,
धूप नहीं है अब तक जागी।
ठंडी-ठंडी सी लगती है,
बदली-बदली सी लगती है।
अंगारों-सी थी गर्मी में,
अब भीनी-भीनी सी लगती है।

Let Me Answer

- सुबह होते ही धूप का क्या हाल होता है ?
- ठंडी-ठंडी सी क्या है ?

कछुआ जीत गया

रहते थे एक जंगल में, कछुआ और खरगोश,
दोनों ने ही दौड़ लगाई, भागे वन की ओर।
चलते-चलते खरगोश सो गया, एक पेड़ के नीचे,
धीरे-धीरे चलकर भी, कछुआ ही दौड़ को जीते।
तुम्हीं बताओ बच्चो, कैसे हार गया खरगोश,
आलस में रह गया बेचारा, खोकर अपने होश।

Let Me Answer

- खरगोश और कछुआ किसके लिए दौड़ लगा रहे थे?
- कछुआ दौड़ में कैसे जीता?

लालू - कालू

भूरा-सा था कुत्ता लालू,
काला-सा था कुत्ता कालू।
एक कहीं पर रोटी पायी,
दोनों करने लगे लड़ाई।
लालू ने कालू को पटका,
कालू ने लालू को पटका।
लगे उड़ाने भों-भों खिल्ली,
रोटी लेकर भागी बिल्ली।



Let Me Answer

- लालू और कालू क्यों लड़ाई कर रहे थे?
- बिल्ली ने लालू और कालू की लड़ाई का क्या फायदा उठाया?

नए साल में

चूहा बोला नए साल में,
ऐसी हेल्थ बनाऊँगा।
बहुत सताया है बिल्ली ने,
उसको कच्चा खाऊँगा।
तभी सुनाई पड़ी दूर से,
बिल्ली जी की म्याऊँ।
चूहा बोला चलता हूँ घर,
करके कसरत आऊँ।



Let Me Answer

- चूहे ने नए साल में क्या करने का वादा किया?
- क्या आप भी कसरत करते हैं?

परियों की शहज़ादी

मैं शहज़ादी परियों की हूँ,
आसमान में मेरा घर।
राहों में मेरी बिछे सितारे,
मेरा पता है चाँद नगर।
मैं कलियों-सी सुंदर कोमल,
चाहूँ जहाँ पर जाती हूँ।
हवा के संग मैं बातें करती,
नील गगन में उड़ती हूँ।

Let Me Answer

- परियों की शहज़ादी का निवास स्थान कहाँ है?
- परियों की शहज़ादी किसके साथ बातें करती है?

बूँद और हवा

प्रस्तावना :- इस चित्रकथा द्वारा हवा और पानी के महत्त्व को दर्शाकर उन्हें जीवन के लिए अमूल्य बताया गया है।
मैं हूँ एक छोटी-सी बूँद ! पता है, मैं कहाँ-कहाँ रहती हूँ ?
मैं तो नदी, तालाब, समुद्र सब में हूँ। मेरी जैसी अनेक बूँदों से मिलकर ही तो ये सब बने हैं।
बतलाओ कहाँ-कहाँ ?
वाह ! वाह ! तुम्हारी तरह मैं भी हर जगह हूँ पर ..... दिखाई नहीं देता।
दिखाई नहीं देता ! भला ये भी कोई बात हुई।
बालगीत-C

क्या तुम जानते हो ? मेरे बिना इंसान एक दिन जिंदा नहीं रह सकता।
एक दिन हा हा हा ! मेरे बिना तो कोई साँस भी नहीं ले सकता और साँस के बिना एक पल भी नहीं जी सकता।
सच ! फिर तो हम दोनों सभी प्राणियों के लिए ज़रूरी हैं।
हाँ, बिल्कुल सही कहा बूँद तुमने। बिन पानी के प्यास सताए।
और बिन हवा के दम घुट जाए।
बिल्कुल सही, इसलिए सभी प्राणियों को हवा व पानी को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए।
Let Me Answer
हवा और बूँद दोनों के बिना जीवधारियों को क्या होता है ?
बूँद और हवा ने क्या निष्कर्ष निकाला ?

खरगोश

आँखें लाल किए यह रहता,
चुप-चुप रहता कुछ न कहता।
दौड़-भाग कर जब थक जाता,
गोदी में आकर छिप जाता।
छोटी-सी दुम लम्बे कान,
यह खरगोश बड़ा शैतान।

Let Me Answer

- खरगोश की आँखें कैसी हैं?
- थक जाने पर खरगोश क्या करता है?

रंग-बिरंगी पुस्तक

मेरी पुस्तक रंग-बिरंगी,
कहे कहानी यह सतरंगी।
कहती बातें नई-पुरानी,
जैसे बोले दादी-नानी।
परीलोक की सैर कराती,
कभी-कभी वो हमें डराती।
कभी हँसाती, कभी रुलाती,
दुनिया की हर बात बताती।

Let Me Answer

- रंग-बिरंगी पुस्तक किसकी कहानी कहती है?
- पुस्तक किस तरह की बातें बताती है?

स्कूल बस

बस मेरी स्कूल चली,
और सब कुछ भूल चली।
बच्चे इसमें हुए सवार,
पों-पों सुनकर हुए तैयार।
नीली-पीली रंगों वाली,
चलती जाती है मतवाली।



Let Me Answer

- स्कूल बस किसे लेकर चलती है ?
- बस का रंग कैसा हैं ?

टमाटर

गोल-गोल ये लाल टमाटर,
होते जिससे गाल टमाटर।
खून बढ़ाता लाल टमाटर,
स्वास्थ्य बढ़ाता लाल टमाटर।
मस्त बनाता लाल टमाटर,
हम खाएँगे लाल टमाटर,
बन जाएँगे लाल टमाटर।

Let Me Answer

- लाल टमाटर खाने से क्या बढ़ता है?
- फोटो में कुल कितने टमाटर हैं?

तितली

रंग-रंगीली तितली तुमने,
रंग कहाँ से पाए हैं?
अपने पंखों पर तुमने तो,
जैसे फूल खिलाए हैं।
यहाँ फूल हैं, वहाँ फूल हैं,
फूल खिले हैं सभी जगह।
सारी धरती फूलों की है,
नीली-पीली अहह.....।

Let Me Answer

- तितली के पंख कैसे लगते हैं?
- तितली को कहाँ रहना अच्छा लगता है?

चह-चह चहके

चिड़ियों-से चह-चह चहकें हम,
फूलों-से मुस्काएँ,
रंग-बिरंगी तितली-से,
सपनों के पर फैलाएँ।
सरिता से सीखें बहना,
पेड़ों से प्यार लुटाना, शीतल चंदा से सीखें,
जन-जन में ज्योति जगाना।

Let Me Answer

- गीत में 'सरिता' का मतलब क्या है ?
- प्यार लुटाने की सीख किससे मिलती है ?

छोटी चिड़िया

छोटी चिड़िया चक-चक-चूँ,
तेरी चोंच न ठहरे क्यूँ!
यहाँ वहाँ तू फुदक रही,
डाल-डाल पर चहक रही,
फुर-फुर, फुर-फुर-फूँ।
छोटी चिड़िया चक-चक-चूँ,
तेरी चोंच न ठहरे क्यूँ!

Let Me Answer

- छोटी चिड़िया कहाँ-कहाँ फुदकती रहती है?
- चिड़िया का चहकना किसको अच्छा लगता है?

डाकिया आया

देखो एक डाकिया आया,
थैला एक हाथ में लाया।
चिट्ठी कई हाथ में पकड़े।
पहने है वह ख़ाकी कपड़े।
बाँट रहा घर-घर में चिट्ठी,
मुझे भी दी इक बिना टिकट की।

Let Me Answer

- किसके हाथ में थैला है?
- डाकिया घर-घर में क्या बाँट रहा था?

गोल मटोल

गोल गोल रोटी होती है,
चंदा होता गोल ।
गोल गोल रुपया होता है,
टन्न टनाटन बोल ।
गोल साइकिल का पहिया है,
लड्डू भी है गोल ।
धरती गोल और सूरज भी,
होता गोल मटोल ।

Let Me Answer

- गोल गोल चीज़ें कौन-कौन सी होती हैं ?
- साइकिल का कौन-सा हिस्सा गोल होता है ?

जन्मदिन

मम्मी तुम जाओ बाज़ार,
मुझको लाकर दो उपहार।
मेरे मित्र ने मुझे बुलाया,
उसका जन्मदिन है आया।
उसको अच्छे लगते खिलौने,
नन्ही गुड़िया, गुड्डे बौने।
या तुम लाना छोटी कार,
मम्मी तुम जाओ बाज़ार।

Let Me Answer

- बच्ची माँ से क्या माँग रही है?
- किसका जन्मदिन आया है?

लकड़ी की काठी

लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा,
घोड़े की दुम पे, जो मारा हथौड़ा,
दौड़ा, दौड़ा, दौड़ा, घोड़ा, दुम उठा के दौड़ा।
घोड़ा पहुँचा चौक में, चौक में था नाई,
घोड़े जी की नाई ने, हजामत जो बनाई,
चग-बग, चक-बग, चग-बग, चक-बग,
दौड़ा, दौड़ा, दौड़ा, घोड़ा, दुम उठा के दौड़ा।

Let Me Answer

- लकड़ी की काठी पर कौन बैठा था?
- घोड़ा किसके पास जाकर रुका?

म्याऊँ-म्याऊँ

म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ-म्याऊँ,
किस को छोड़ूँ,
किस को खाऊँ,
एक तरफ है दूध मलाई,
एक तरफ है चुहिया आई,
किस को खाऊँ,
किस को खाऊँ,
म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ-म्याऊँ,
म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ-म्याऊँ।



Let Me Answer

- बिल्ली के सामने कौन-कौन सी चीज़ें हैं?
- बिल्ली किसे खाने के बारे में सोच रही है?

पेड़ बड़े

हरे-भरे ये पेड़ बड़े,
हरदम रहते ये खड़े।
बारिश में ये खूब नहाते,
डाली-डाली फूल खिलाते।
तेज़ धूप से हमें बचाते,
हम छाया में इनकी सुस्ताते।
मीठे फल ये हमें खिलाते,
परोपकार का पाठ सिखाते।

Let Me Answer

- पेड़ किस तरह हमारी मदद करते हैं?
- पेड़ हमें किसका पाठ सिखाते हैं?

राखी का त्योहार

राखी का त्योहार है आया,
भाई बहिन को पास लाया।
बहिने बाँधें भाई को राखी,
तोहफा पाकर वो इतरातीं।
भैया बढ़े उम्र तुम्हारी,
रक्षा करना तुम हमारी।

Let Me Answer

- भाई और बहिन किस त्योहार के लिए एकत्रित हुए हैं?
- बहिन भाई को क्या बाँध रही है?

जैसे को तैसा

एक जंगल में एक चालाक लोमड़ी रहती थी। उसे दूसरों को मूर्ख बनाने में बहुत मज़ा आता था। एक दिन लोमड़ी ने सारस को दावत के लिए बुलाया। लोमड़ी ने सारस को खीर एक छिछले से बड़े थाल में परोसी। सारस की चोंच लम्बी होने के कारण वह खीर नहीं खा सका। अंत में निराश होकर वह भूखे पेट ही वापस लौट आया।

सारस ने बदला लेने के लिए लोमड़ी को दावत पर अपने घर बुलाया। लोमड़ी दावत के लिए सारस के घर पहुँची। सारस ने टमाटर का सूप बनाया और इसे एक सँकरे मुँह वाले बर्तन में परोसा। बर्तन का मुँह सँकरा होने के कारण लोमड़ी सूप को नहीं पी सकी। अब उसे अपनी गलती का अहसास हो गया । वह अपने किए पर बहुत पछताई।

Let Me Answer

- लोमड़ी ने सारस को किसके लिए बुलाया?
- सारस ने लोमड़ी को कैसे सबक सिखाया?

बच्चो, इसलिए कहा गया है कि बुरे काम का बुरा नतीज़ा होता है।